प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 25.03.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

**मेक इन इंडिया** पहल के शुभारंभ के बाद से 2023–24 में भारत के स्वदेशी रक्षा उत्पादन में अब तक की सबसे ज्यादा बढोतरी दर्ज की गई है। इसके साथ ही देश का स्वदेशी रक्षा उत्पादन अब रिकॉर्ड **एक लाख 27 हजार करोड़ रुपये** तक पहुंच गया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि रक्षा उत्पादन में वर्ष 2014–15 के 46 हजार 429 करोड़ के मुकाबले 174 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। कभी विदेशी आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भर रहने वाला देश अब स्वदेशी विनिर्माण में उभरती हुई शक्ति बन गया है। वहीं देश का रक्षा निर्यात भी वर्ष 2013–14 के 686 करोड़ से बढ़कर 2023–24 में 21 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया। यह पिछले एक दशक में 30 गुना वृद्धि के साथ अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया है।

00000

राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव का शुभारम्भ आज बाडमेर में **मातृ शक्ति वंदन** कार्यक्रम के साथ होने जा रहा है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आदर्श स्टेडियम में होने वाले राज्यस्तरीय **महिला सम्मेलन** में शिरकत करेंगे। इस दौरान 1 करोड़ 10 लाख परिवारों को 200 करोड़ रूपये की एलपीजी सब्सिडी हस्तान्तरित की जायेगी। 18 हजार से ज्यादा महिला समूहों को 100 करोड़ रूपये हस्तान्तरित होंगे। वहीं 31 हजार से ज्यादा बालिकाओं को गार्गी पुरस्कार दिये जायेंगे। सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री विभिन्न जिलों की लाभार्थियों से वर्चुअल संवाद भी करेंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री चित्तौड़गढ़ में **जौहर श्रद्धाजंलि समारोह** में भी शामिल होंगे। आज से शुरू हो रहे राजस्थान दिवस समारोह के राज्यव्यापी कार्यक्रम 31 मार्च तक चलेंगे। इसी कडी में कल बीकानेर में किसान सम्मेलन होगा। इसमें किसान उत्पादक संगठनों का मेला भी लगेगा और तीस हजार किसानों को 137 करोड़ रूपये का अनुदान बैंक खातों में हस्तान्तरित किया जायेगा।

00000

सोलहवीं विधानसभा का तीसरा सत्र कल सम्पन्न हुआ। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने इसे अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया। सत्र के दौरान 95 प्रतिशत से अधिक प्रश्नों के उत्तर प्राप्त हुए और दस विधेयक पारित किये गये।

0000

कोटा में राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय का 14वां दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया जा रहा है। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े समारोह की अध्यक्षता कर रहे है। कार्यक्रम में 20 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल सहित साढे 9 हजार से ज्यादा डिग्रियां वितरित की जा रही है।

00000

शिक्षा का अधिकार अधिनियम आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में प्रवेश के लिए आज से आवेदन प्रकिया शुरू हो गई है। इसके लिए 7 अप्रैल तक ऑनलाईन आवेदन किये जा सकते है। प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय के अनुसार 9 अप्रैल को ऑनलाईन लॉटरी निकाली जायेगी, जिसके माध्यम से प्रवेश के लिए विद्यार्थियों का वरीयता कम निर्धारित होगा।

00000

बालोतरा जिले के तिलवाड़ा में राज्य स्तरीय श्री मल्लीनाथ चैत्री पशु मेला आज शुरू हुआ। पशुपालन और डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत और जिला कलेक्टर सुशील कुमार यादव ने ध्वजारोहण कर मेले का विधिवत शुभारंभ किया।

00000

राज्य के अधिकतर हिस्सो में दिन का तापमान 3 से 5 डिग्री ऊपर दर्ज हो रहा है। सबसे ज्यादा 41 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस तापमान बाडमेर में मापा गया। वहीं जोधपुर, जालौर और आसपास के क्षेत्रों में भी तेज गर्मी का असर बना हुआ है। वहीं जैसलमेर में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सैल्सियस मापा गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि मार्च महीने में ही धूप की तपिश से लोग परेशान हो रहे हैं।

......

प्रदेश में आज से पश्चिमी विक्षोभ का असर रहने की संभावना है। इससे सीमावर्ती जिलों में तेज हवाएं चल सकती हैं और बादल छाए रहने के आसार हैं। अगले दो दिनों में तापमान में कोई खास बदलाव की संभावना नहीं है।

00000

आईपीएल क्रिकेट में आज पंजाब किंग्स का मुकाबला गुजरात टाईटल्स की टीम से होगा। ये मैच अहमदाबाद में शाम साढे सात बजे से खेला जायेगा। वहीं कल हुए मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को एक विकेट से हरा दिया। लखनऊ की ओर से दिए गए 210 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली ने 19 ओवर तीन गेंद में नौ विकेट पर 211 रन बनाकर जीत हांसिल की।

00000

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड–बीसीसीआई ने एक अक्टूबर, 2024 से 30 सितंबर, 2025 तक की अवधि के लिए भारतीय महिला टीम के अनुबंध नवीनीकरण की घोषणा की है। 2024–25 सत्र के लिए कप्तान हरमनप्रीत कौर, प्रमुख बल्लेबाज स्मृति मंधाना और ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को पिछले कुछ सालों में उनके शानदार प्रदर्शन को देखते हुए ग्रेड ए में रखा है। रेणुका सिंह, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष और शैफाली वर्मा सभी को ग्रेड बी में रखा गया है वहीं यास्तिका भाटिया, राधा यादव, स्नेह राणा और पूजा वस्त्रकार को ग्रेड सी में रखा गया है। श्रेयंका पाटिल, तीतास साधु, अरुंधति रेड्डी, अमनजोत कौर और उमा छेत्री जैसे नए खिलाडियों को भी अनुबंध सूची में जोडा गया हैं।

**0000**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस महीने की 30 तारीख को आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम के लिए लोगों से सुझाव मांगे हैं। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 120वीं कड़ी होगी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कार्यक्रम के लिए बड़े पैमाने पर सुझाव मिलने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि यह सुझाव सामाजिक भलाई के लिए सामूहिक प्रयासों की शक्ति को दर्शाते हैं। लोग इस कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 के माध्यम से दे सकते हैं। वे नरेंद्र मोदी ऐप या मायगॉव ओपन फोरम के माध्यम से ऑन–लाइन भी अपने सुझाव साझा कर सकते हैं। सुझाव इस महीने की 28 तारीख तक दिये जा सकते है।

**00000**